150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ॰ एस॰ राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Phone No- 0141-2711056 Website - www.rajsmsa.nic.in Email ID-commissionerssarajasthan@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कू.शि.प. / जय / संस्था–1 / साक्षात्कार / 2023 / 2648 दिनांक :– 13/7/23

## विज्ञप्ति

## समग्र शिक्षा के राज्य, जिला एवं ब्लॉक कार्यालयों में विभिन्न पदों हेतु ऑनलाईन इन्टरव्यू

सक्षम स्तर पर लिये गये निर्णयानुसार राजस्थान में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद मुख्यालय में **उपनिदेशक (प्रधानाचार्य समकक्ष), सहायक निदेशक (व्याख्याता समकक्ष)**, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में **सहायक निदेशक (प्रधानाचार्य समकक्ष)**, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में **सहायक परियोजना समन्वयक (प्रधानाचार्य समकक्ष)** एवं **कार्यक्रम अधिकारी (व्याख्याता समकक्ष)** तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में **अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी–द्वितीय (प्रधानाचार्य समकक्ष)** एवं **संदर्भ व्यक्ति (व्याख्याता समकक्ष)** के संभावित रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन हेतु डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जयपुर स्थित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद कार्यालय द्वारा ऑनलाईन इन्टरव्यू दिनांक 01.08.2023 से 07.08.2023 तक आयोजित किये जाएगे। राज्य, जिला एवं ब्लॉक की पदवार संभावित रिक्तियों, साक्षात्कार तिथि एवं दिशा–निर्देश के विवरण को परिषद की वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in एवं शाला दर्पण http://rajshaladarpan.nic.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। ऑनलाईन साक्षात्कार के लिंक व समय की सूचना ऑनलाईन आवेदन पत्र में दिये गये मोबाईल नम्बर के Text Msg एवं शाला दर्पण के स्टॉफ विन्डो पर प्रेषित की जायेगी।

**अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक**

Scanned with CamScanner

# आवश्यक दिशा–निर्देश

(उपनिदेशक, सहायक निदेशक–राज्य कार्यालय एवं सहायक निदेशक, सहायक परियोजना समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी–जिला कार्यालय तथा अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी–द्वितीय, संदर्भ व्यक्ति–ब्लॉक कार्यालय के साक्षात्कार हेतु)

1. स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के पत्रांक 24.05.2018 के द्वारा परिषद मुख्यालय एवं दिनांक 08.08.2018 तथा 24.09.2018 के द्वारा ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर के कार्यालयों का पुनर्गठन कर एकीकृत कर प्रशासनिक व्यवस्था में पद स्वीकृत कर पद की योग्यता निर्धारित की गयी है। अतः पदों की योग्यता उक्त आदेशों के अनुसार होगी।
2. साक्षात्कार आयोजित किये जाने वाले रिक्त पदों का विवरण एवं साक्षात्कार से संबंधित अन्य जानकारी राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की वेबसाईट (www.rajsmsa.nic.in) से ली जा सकती है।
3. सभी पदों हेतु आवेदन राजस्थान शिक्षा विभाग के शाला दर्पण पोर्टल के स्टॉफ विन्डो के माध्यम से स्वंय की लॉगिन आई–डी से ऑनलाईन किया जाना है।
4. आवेदनकर्ता से संबधित सूचना शाला दर्पण के प्रपत्र–10 (P-10) से ली जायेगी, अतः आवेदनकर्ता आवेदन करने से पूर्व प्रपत्र–10 (P-10) (यथा मोबाईल नम्बर, ई–मेल, व्यक्तिगत सूचना, शैक्षणिक योग्यता एवं श्रेणी) का अद्यतन (Update) किया जाना सुनिश्चित करें। पंजीकरण उपरान्त किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।
5. आवेदनकर्ता द्वारा त्रुटिपूर्ण आवेदन भरे जाने पर आवेदन को निरस्त (Delete) कर अंतिम तिथि व समय से पूर्व पुनः आवेदन किया जा सकता है।
6. अभ्यर्थी द्वारा शाला दर्पण पर आवेदन करते समय ओटीपी शाला दर्पण पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर ही आयेगा।
7. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन दिनांक 19.07.2023 से 23.07.2023 को रात्रि 12.00 बजे तक भरे जा सकते है। (इसके उपरान्त लिंक निष्क्रिय हो जायेगा)
8. उक्त संबंधित पदों की रिक्तियों की संख्या में कमी/वृद्धि करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के अधीन सुरक्षित रहेगा।
9. विज्ञप्ति में प्रकाशित सभी पद प्रतिनियुक्ति के हैं जो कि राज्य सरकार के अधीन शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्मिकों से भरे जायेगें।
10. परियोजना कार्यालयों में पदस्थापित कार्मिकों का कार्यकाल न्यूनतम एक वर्ष का होगा, जिसे नियमानुसार अधिकतम चार वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा ("राजस्थान सेवा नियम 1951 के नियम–144 "क")। लेकिन प्रतिनियुक्त कार्मिक का कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर या प्रशासनिक कारणों से अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के द्वारा प्रतिनियुक्ति निरस्त कर मूल विभाग के लिए कार्यमुक्त किया जा सकेगा।
11. राजस्थान स्वेच्छा ग्रामीण 2011 सेवा के तहत कार्यरत कार्मिक आवेदन के पात्र नहीं होगें।

Scanned with CamScanner

12. वेतन एवं भत्ते चयनित आशार्थियों को उनके पातेय वेतन श्रृंख्ला पद ही देय होगे। नियमानुसार प्रतिनियुक्ति भत्ता देय होगा।
13. अन्य विभाग से प्रतिनियुक्ति समाप्ति के पश्चात मूल विभाग में न्यूनतम एक वर्ष की उपशमन अवधि (cooling off period) होनी चाहिए।
14. माननीय न्यायालय के आदेश के अध्यधीन कार्यरत कार्मिकों के पद विरूद्ध चयन प्रक्रिया नहीं की जायेगी।
15. अभ्यर्थी के विरूद्ध विभाग में वर्तमान में कोई भी अनुशासनात्मक कार्यवाही/विभागीय जांच प्रस्तावित/लम्बित हो अथवा जिन्हें राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के तहत किसी भी प्रकार से दण्डित किया हो, वे पदस्थापन हेतु पात्र नहीं होंगे।
16. साक्षात्कार के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी को आवेदन पत्र में दर्शाये गये समस्त मूल दस्तावेज संबंधित कार्यालय में कार्यग्रहण के समय प्रस्तुत करने होंगे। आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा दी गई किसी भी प्रकार की सूचना गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी की प्रतिनियुक्ति निरस्त कर उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।
17. किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार जयपुर जिले के न्यायिक क्षेत्र में होगा।
18. आवेदनकर्ता की दिनांक 31.07.2023 को आयु 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
19. सभी पदों हेतु अभ्यर्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है।
20. अभ्यर्थी द्वारा आवेदित इच्छित जिला/ब्लॉक के अतिरिक्त, परियोजना हित में अन्यत्र प्रतिनियुक्ति की जा सकेगी।

13/7/23

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

Scanned with CamScanner

**उपनिदेशक, सहायक निदेशक–राज्य कार्यालय एवं सहायक निदेशक, सहायक परियोजना समन्वयक, कार्यक्रम अधिकारी–जिला कार्यालय तथा अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी–द्वितीय, संदर्भ व्यक्ति–ब्लॉक कार्यालय के पदों हेतु ऑनलाइन इंटरव्यू में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष निर्देश**

1. कोरोनाकाल में सामाजिक दूरी को बनाए रखने और अभ्यर्थियों को यात्रा परेशानियों से बचाने हेतु ऑनलाइन इंटरव्यू की सुविधा शुरू की गई है।
2. इंटरव्यू Microsoft Team के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किये जायेंगे।
3. समस्त अभ्यर्थी अपने लैपटॉप/डेस्कटाप/मोबाइल में Microsoft Team सॉफ्टवेयर/एप इंस्टॉल करना सुनिश्चित करें तथा साथ ही यह भी सुनिश्चित कर ले कि डेस्कटॉप एवं लैपटॉप में आवश्यक उपकरण जैसे–कैमरा तथा ऑडियों डिवाइस (माइक एवं स्पीकर) हो व अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय ईयर फोन व माईक का उपयोग करें।
4. प्रत्येक अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वह ऐसे स्थान पर बैठे जहॉं पर्याप्त इन्टरनेट स्पीड, विद्युत सप्लाई (पॉवर बैकअप) एवं पर्याप्त रोशनी हो। उक्त व्यवस्थाओं से आश्वस्त होकर अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार किसी भी स्थान से इन्टरव्यू दे सकता है।
5. प्रत्येक अभ्यर्थी को सौम्य एवं शालीन वेशभूषा में अनुशासित ढंग से ही इंटरव्यू पैनल के समक्ष ऑनलाइन उपस्थित होना होगा।
6. ध्यान रहें कि अभ्यर्थी का कैमरा चेहरे पर ही स्थिर रहे एवं फ्रेम अन्यत्र विस्थापित नहीं होना चाहिए।
7. अभ्यर्थी को जब तक पैनल द्वारा कॉल न किया जाये वह अपना कैमरा, माइक, स्पीकर आदि को बंद रखे।
8. इंटरव्यू पैनल द्वारा अनुमति दिए जाने पर ही अभ्यर्थी वर्चूअल इंटरव्यू रूम में प्रवेश करेगा अतः समस्त अभ्यर्थी संयम रखें और अपनी बारी की प्रतीक्षा करें।
9. अभ्यर्थी जहॉं से इंटरव्यू दे रहा है वहा आसपास किसी प्रकार की तेज आवाज व व्यवधान नहीं हो, यह सुनिश्चित कर लें।
10. अभ्यर्थी के मोबाईल नम्बर (जो आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा भरा जाएगा) पर इंटरव्यू दिनांक, स्लॉट, समय विवरण और संबंधित पैनल रूम का लिंक Text Message द्वारा भेज दिया जाएगा। अतः अपना स्टॉफ विन्डो/मोबाईल में Text Message चैक करते रहें।
11. अभ्यर्थी का जो नाम आवेदन पत्र में होगा उसी नाम से माइक्रोसापट टीम एप में अपने आप को रजिस्टर्ड करें, अभ्यर्थी जब वचुर्अल इंटरव्यू रूम में प्रवेश करें तो अभ्यर्थी का नाम माइक्रोसापट टीम एप में दिखाई देना चाहिए।
12. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी के साथ/पास कोई अन्य सदस्य नहीं होना चाहिए।

13/7/21

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

Phone No- 0141-2711056 Website - www.rajsmsa.nic.in Email ID-commissionerssarajasthan@gmail.com


क्रमांक : रा.स्कू.शि.प. / जय / संस्था–1 / साक्षात्कार / 2023 / दिनांक :–

## पंजीयन पत्र (प्रधानाचार्य समकक्ष)

**(राज्य कार्यालय–उपनिदेशक, जिला कार्यालय–सहायक परियोजना समन्वयक, सहायक निदेशक तथा ब्लॉक कार्यालय–अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी–द्वितीय)**

फोटो

1. आवेदक कर्मचारी ID........................................................
2. आवेदित पद का नाम (a)..........(b)..........(C)..........(d)..........
3. पदस्थापन हेतु इच्छित जिला (सहायक निदेशक / सहा परि. समन्वयक पद हेतु)
   (1)..........................(2) ..........................(3)..........................
4. पदस्थापन हेतु इच्छित ब्लॉक (अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधि.–द्वितीय पद हेतु)
   (1).......................... (2).......................... (3)..........................
5. मूल जिला ........................................................................
6. आवेदक का नाम ........................................................................
7. पिता / पति का नाम ........................................................................
8. जन्म–तिथि ........................................................................
9. वर्तमान पद ........................................................................
10. वर्तमान पद पर नियुक्ति तिथिः– ........................................................................
11. वर्तमान पदस्थापन स्थान–
    शाला / कार्यालय का नामः........................................................................
    ब्लॉक ............................................. जिला..................................
12. राज्य सेवा में प्रथम नियुक्ति तिथि........................................................................
13. सेवानिवृत्ति तिथि ........................................................................
14. वर्तमान निवास का पता........................................................................
    .................................................... पिन कोड..........................
    मोबाइल नम्बर..............................ई–मेल ......................................
15. मूल निवास का पता ........................................................................
    .................................................... पिन कोड ..........................
16. शैक्षणिक योग्यता : ........................................................................

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक | |
| 2 | अधिस्नातक | |

17. प्रशैक्षणिक योग्यता :

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | बी.एड. | |
| 2 | एम. एड. | |

18. सेवा संबंधी विवरण (सम्पूर्ण सेवा काल का)

| क्र.सं. | पद | वेतन श्रृंखला | पदस्थापित स्थान | ग्रामीण / शहरी | अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कब से | कब तक |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | पद | वेतन श्रृंखला | पदस्थापित स्थान | ग्रामीण/ शहरी | अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कब से | कब तक |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |

कुल सेवा : वर्ष ..............माह....................दिन...........

19. परियोजना में कार्य करने का अनुभव(पद एवं अवधि) ..............................................................

.............................................................................................................................

20. अन्य विशिष्ट उपलब्धियां.................................................................................................

## शपथ पत्र

- मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त तथ्य सही हैं तथा मैंने कोई तथ्य नहीं छुपाया है।
- मेरी सेवा अवधि में मुझे राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के तहत् किसी प्रकार से दण्डित नहीं किया गया है तथा न ही मेरे विरूद्ध उक्त नियमों के तहत् किसी प्रकार की जांच लम्बित है।
- मुझे विगत वर्षों में अपने वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल प्रविष्टि संबंधी सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

**हस्ताक्षर**

**नाम :** ..............................................

**दिनांक** ..............................      **पद :** ..............................................

**स्थान** ..............................      **पदस्थापित स्थान :** ..............................................

Scanned with CamScanner

15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ॰ एस॰ राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302017

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Phone No- 0141-2711056 Website - www.rajsmsa.nic.in Email ID-commissionerssarajasthan@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कू.शि.प. / जय / संस्था–1 / साक्षात्कार / 2023 / दिनांक :–

## पंजीयन पत्र (व्याख्याता समकक्ष)

(राज्य कार्यालय–सहायक निदेशक, जिला कार्यालय–कार्यक्रम अधिकारी तथा ब्लॉक कार्यालय–संदर्भ व्यक्ति)

फोटो

1. आवेदक कर्मचारी ID..........................................................
2. आवेदित पद का नाम (a)..............(b)..............(C) ..............
3. पदस्थापन हेतु इच्छित जिला (कार्यक्रम अधिकारी पद हेतु)
   (1)..........................(2) ..........................(3)..........................
4. पदस्थापन हेतु इच्छित ब्लॉक (संदर्भ व्यक्ति पद हेतु)
   (1).......................... (2).......................... (3)..........................
5. मूल जिला ..........................................................
6. आवेदक का नाम ..........................................................
7. पिता / पति का नाम ..........................................................
8. जन्म–तिथि ..........................................................
9. वर्तमान पद .................................... विषय..........................................
10. वर्तमान पद पर नियुक्ति तिथि:– ..........................................................
11. व्याख्याता के पद पर नियुक्ति का प्रकार –

| पदोन्नति / सीधी भर्ती | कार्यग्रहण दिनांक |
|---|---|
| | |

12. वर्तमान पदस्थापन स्थान–
    शाला / कार्यालय का नाम:..........................................................
    ब्लॉक .......................................... जिला..................................
13. राज्य सेवा में प्रथम नियुक्ति तिथि..........................................................
14. सेवानिवृत्ति तिथि ..........................................................
15. वर्तमान निवास का पता..........................................................
    .................................................... पिन कोड.........................
    मोबाइल नम्बर.................................ई–मेल ..................................
16. मूल निवास का पता ..........................................................
    .................................................... पिन कोड .........................
17. शैक्षणिक योग्यता : ..........................................................

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक | |
| 2 | अधिस्नातक | |

17. प्रशैक्षणिक योग्यता :

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | बी.एड. | |
| 2 | एम. एड. | |

18. सेवा संबंधी विवरण (सम्पूर्ण सेवा काल का)

| क्र.सं. | पद | वेतन श्रृंखला | पदस्थापित स्थान | ग्रामीण / शहरी | अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कब से | कब तक |
| 1 | | | | | | |

Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | पद | वेतन श्रृंखला | पदस्थापित स्थान | ग्रामीण/ शहरी | अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कब से | कब तक |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |

कुल सेवा : वर्ष ..............माह.....................दिन............

19. परियोजना में कार्य करने का अनुभव(पद एवं अवधि) ..................................................................................

..................................................................................................................................................

20. अन्य विशिष्ट उपलब्धियां..................................................................................................................

## शपथ पत्र

- मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त तथ्य सही हैं तथा मैंने कोई तथ्य नहीं छुपाया है।
- मेरी सेवा अवधि में मुझे राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के तहत् किसी प्रकार से दण्डित नहीं किया गया है तथा न ही मेरे विरूद्ध उक्त नियमों के तहत् किसी प्रकार की जांच लम्बित है।
- मुझे विगत वर्षों में अपने वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल प्रविष्टि संबंधी सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

**हस्ताक्षर**

**नाम :** ..................................................

**दिनांक** .............................. **पद :** ..................................................

**स्थान** ................................ **पदस्थापित स्थान :** ..................................................

Scanned with CamScanner